शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमाँक.3008/अका./प्रवेश 2022–23/2022 रायगढ़, दिनाँक 16.06.2022

–:: अधिसूचना ::–

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमाँक 17–83/2018/32–2 दिनांक 06.06.2022 के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022–23 का अकादमिक कैलेण्डर एवं पत्र क्रमांक एफ 17–95/2017/38–2 दिनांक 06.06.2022 के द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2022–23 में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 3000/अका./प्रवेश 2022–23/2022 दिनांक 13.06.2022 जारी की गयी थी।

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रमांक 3001/760/आउशि/सम./2022 दिनांक 13.06.2022 द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के बिन्दु क्रमांक 2.2 के अंतर्गत पूर्व लिखित टीप को विलोपित करते हुए निम्नानुसार नवीन विशेष टीप प्रतिस्थापित की गयी है:–

"स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेश हेतु प्रथम चयन सूची सी.बी.एस.सी. के कक्षा 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के 07 दिवस के उपरांत ही जारी की जाये"

उपरोक्तानुसार संशोधन अधिसूचित किया जाता है एवं विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 3000/अका./प्रवेश 2022–23/2022 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार प्रवेश पंजीयन 16.06.2022 से प्रारंभ रहेगा, आवश्कतानुसार प्रवेश प्रक्रिया संबंधी समय–सारिणी में संशोधन होने पर पृथक से सूचित किया जायेगा। अतः विश्वविद्यालय की वेबसाईट का सतत् अवलोकन करते रहे।

आदेशानुसार

प्रभारी कुलसचिव

पृ.क्रं.3009/अका./प्रवेश 2022–23/2022 रायगढ़, दिनाँक 16.06.2022

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आवेदन करने हेतु सूचित करावें।
03. वित्ताधिकारी/सहायक कुलसचिव (गोपनीय/भंडार/वित्त) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (गोपनीय–परीक्षा) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
06. समस्त संबंधित छात्र/छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ।

for 16/6/22

प्रभारी अधिकारी (अकादमी)